तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 प्रतिभा कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता...



12 आंगनबाड़ी में हुआ पोषण तिहार का आयोजन





खबर संक्षेप

नशा करने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। नशा करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बसना थाने मे दर्ज कराई गई है। वार्ड नं 11 फोकटपारा बसना निवासी विकास कुमार मेश्राम 29 सितंबर की शाम नायक शमशान घाट के पास अपने भाई सोनू मेश्राम को नशा करने से मना करते हुए समझा रहा था। तभी वहां उपस्थित धरमू सोनी और सोनू मेश्राम ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शराब बेच रहे दो गिरफ्तार

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में बसना पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि छोटा नाला के पास ग्राम पथरला पास आरोपी तिलकराम बरिहा पिता सुंदरसिंह बरिहा जबलपुर और पिरदा मोड़ गोडमर्रा तालाब के पास विपिन यादव के कब्जे से शराब जब्त किया गया है।

आंदोलन : शिक्षकों की कमी के चलते ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

11 दिनों तक ढोढरकसा स्कूल में तालाबंदी के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षकों की कमी के चलते नए शैक्षणिक सत्र में प्रभावित शिक्षा व्यवस्था के सुधार के लिए लगातार मांग कर रहे पालकों और छात्रों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया और वे सड़क पर आंदोलन के लिए मजबूर हो गए। लगातार मांग फिर चेतावनी के बावजूद अनदेखी से परेशान होकर हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र, पालक और ग्रामीण एनएच 53 पर बैठ गए। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। तकरीबन डेढ़ घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन और व्यवस्था के बाद ग्रामीण बाधित किए गए हाइवे से हटने को राजी हुए।



अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

चक्काजाम की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा और एसडीओपी अजीत ओगरे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनरत ग्रामीणों और विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद विद्यालय में वैकल्पिक शिक्षकीय व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।

पिथौरा विकासखंड के ग्राम ढोढरकसा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी के मुद्दे पर ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय में शिक्षकों के छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में महज दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। शिक्षकों की कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप है। विशेषकर गणित, ⏭शेष पेज 10 पर

कोमाखान के जंगल में जले हुए वाहन के पास मिला अज्ञात शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब कोमाखान–चौखड़ी मार्ग के पास जंगल की झाड़ियों में एक जली हुई लावारिस पिकअप और उससे कुछ ही दूरी पर करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। वाहन और शव के आसपास की परिस्थितियों को देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चौखड़ी के समीप घने जंगल और झाड़ियों के बीच अशोक लीलैंड कंपनी की पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीएम 7800 जली हुई हालत में मिली। आग से वाहन का कैबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहन का एक दरवाजा खुला हुआ बताया जा रहा है।

ग्रामीणों की नजर जब जली हुई पिकअप पर पड़ी तो आसपास तलाश करने पर उससे चंद कदम की दूरी पर झाड़ियों के बीच करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना तत्काल कोमाखान थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने परमौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ⏭शेष पेज 10 पर

जांच की जा रही-थाना प्रभारी

कोमाखान थाना प्रभारी मुकेश सोरी ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि एक जला हुआ पिकअप वाहन और कुछ दूरी पर एक व्यक्ति का शव मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

सियार ने सात लोगों को काटा, दहशत में लोग

महासमुंद। नगर में सियार ने अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सियार ने सबसे पहले शिवानंद कॉलोनी में घर के बाहर बैठी एक महिला को अपना निशाना बनाया। इसके बाद भाजपा कार्यालय के पास आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में रायपुर से एक निजी कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए महासमुंद आए तीन लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में करीब 5 से 6 सियार होने की आशंका जताई जा रही है। घायलों में सुशीला सिंह (64) शिवानंद कॉलोनी निवासी, प्रेमलता पटेल (27) वार्ड नं 27 निवासी, आयुषी बीटीआई रोड निवासी, आकाश पंचतरू (24) सरोना रायपुर निवासी, लवेश निषाद (24) वार्ड नं 22 निवासी, जीवराखन यादव (51) नकटा रायपुर निवासी और राजेश राजपूत (39) सरोना रायपुर निवासी शामिल हैं। सभी का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। सियार के हमले के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है और वन विभाग से सियारों को पकड़ने की कार्रवाई की मांग की जा रही है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डा बसंत महेश्वरी ने बताया कि मंगलवार की शाम 7.30 बजे के आसपास 07 लोग सियार के काटने, नाखून लगने से घायल हुए थे ,जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया।

दो लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बसना में दो लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना निवासी विजय कुमार पटेल ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह करीब 09.30 बजे घर से ऑफिस जाने के लिए निकला तो देखा कि उसके कार में सीमेंट का छींटा लगा हुआ था।, जिस पर उसने बाजू में अपने मकान में सीमेंट से प्लास्टर करवा रहे को मना किया गया तो मील प्रसाद एवं नितेश पटेल ने गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान उसके चाचा की लड़की दीक्षा पटेल ने मील प्रसाद, नितेश पटेल, बनीता पटेल से पूछा कि उसके घर का दरवाजा क्यों ले गये हो, इस पर तीनों ने गाली गलौज करते हुए दीक्षा के साथ भी मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

99 लीटर शराब और 1315 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 99 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1315 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया है।

आबकारी वृत्त बसना क्षेत्र में ग्राम सुखापाली में कार्रवाई के दौरान टिके बाई रत्नाकर के कब्जे से चढ़ी भट्ठी में तैयार 07 लीटर महुआ शराब एवं 15 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इसी प्रकार ग्राम खुसरूपाली, थाना बसना में मोहपाल कोसरिया के मकान की तलाशी के दौरान प्लास्टिक डिब्बों में रखी 30 लीटर महुआ शराब एवं 900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इसी क्रम में ग्राम सलखंड के जंगल में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 45 लीटर महुआ शराब एवं 08 बोरियों में रखा 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। वहीं आबकारी वृत्त बागबाहरा अंतर्गत



ग्राम सरायपाली-सुअरमाल में कमल प्रसाद टण्डन के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोकरामुड़ा थाना बागबाहरा में दोलोराम गोड़ के कब्जे से 07 लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उक्त प्रकरणों में 03 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 39, 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर मदिरा एवं महुआ लाहन की जब्ती की कार्रवाई की गई तथा आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं 01 आरोपी फरार है तथा 01 प्रकरण में आरोपी अज्ञात है, जिसकी तलाश एवं विवेचना की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग की टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में टोल फ्री नंबर 07723-299317 तथा राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 14405 स्थापित किया गया है। नागरिक अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन अथवा संग्रहण से संबंधित सूचना इन नंबरों पर दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त मनपसंद एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर कल शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026 को गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा गांधी जयंती पर जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे एफएफ-1(घघ), सीएस-2(घघ-कम्पोजिट), एफ.एल.-1(घघ-कंपोजिट अहाता), सीएस-2 (ग-अहाता), कंपोजिट अहाता, एफएल-1(ख अहाता), (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल-3, सहित जिले के मद्यभंडारण भाण्डागार तथा आसवनी-मेसर्स पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम बेलटुकरी, जिला महासमुंद की इकाई आसवनी (डी-1), एफएल-9 एवं सीएस-1 (बी) को संपूर्ण दिवस के लिए सील बंद किए जाने आदेशित किया गया है।

शासकीय जीएनएम नर्सिंग कॉलेज में हुई वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता

महासमुंद। विश्व रैबीज दिवस पर शासकीय जीएनएम नर्सिंग कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैबीज के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा रोग से बचाव एवं रोकथाम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीपी सिंह मुख्य अतिथि तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने रैबीज से बचाव, कुत्ते या अन्य संक्रमित पशु के काटने पर तत्काल उचित उपचार कराने तथा जनजागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आयोजित वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रैबीज की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से रैबीज से बचाव एवं जागरुकता का संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीलू धृत लहरे कार्यक्रम प्रबंधक, कॉलेज की प्राचार्य साधना रामटेके, स्वास्थ्य शिक्षक हरिशंकर साहू, तेजस राठौर, राहुल ठाकुर, विजयभान, भूमिका चंद्राकर, लोकेश्वरी साहू, तरणी पृथ्वीकर, लीसा, सुषमा दास सहित कॉलेज के शिक्षकगण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

सफलता की कहानी : मोहगांव स्कूल टीम की मेहनत व मार्गदर्शन का मिला लाभ

मोहगांव प्राथमिक शाला के 10 बच्चों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सेवा संकल्प के तहत जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा अभिभावकों और विद्यालय समुदाय के सहयोग का परिणाम है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा का महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराती है। ऐसी प्रतियोगी परीक्षा में एक साथ 10 विद्यार्थियों का चयन शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के लिए गौरव का विषय है और क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सेवा संकल्प अंतर्गत विद्यालय में पिछले तीन वर्षों में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में कुल 43 बच्चों का चयन हुआ है। वर्ष 2026 में 10 विद्यार्थियों का चयन इस निरंतर उपलब्धि की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह परिणाम नियमित अभ्यास, विद्यार्थियों को समय पर मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। वर्ष 2026 में चयनित 10 विद्यार्थी में युवराज पटेल, भावना प्रधान, प्रकृति प्रधान, नितिन नायक, चेतना मुटकिया, असंख्य कुमार भोई, साहिल सिंह सिदार, पथिका प्रधान, दीक्षा साहू एवं तुषार दास मानिकपुरी शामिल है।

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान को उनके शैक्षणिक एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण वर्ष 2017 तथा राज्यपाल पुरस्कार वर्ष 2022 से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान उनके शैक्षणिक नेतृत्व, विद्यार्थियों के प्रति समर्पित कार्य तथा विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण के प्रयासों की महत्वपूर्ण पहचान हैं। प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरंतर प्रेरित किया गया। बच्चों की क्षमता को पहचानते हुए नियमित अभ्यास, प्रश्नों को समझने की क्षमता, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास विकसित करने पर ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अभ्यास के लिए प्रेरित करना। प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नों के स्वरूप से बच्चों को परिचित कराना। विद्यार्थियों की कठिनाइयों की पहचान कर अतिरिक्त समझाइश देना। अभ्यास के माध्यम से समय प्रबंधन एवं प्रश्न हल करने का आत्मविश्वास बढ़ाना। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करना।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर नियमित ध्यान दिया गया तथा अभ्यास और मार्गदर्शन के माध्यम से उनकी तैयारी को मजबूत किया गया। विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी तक सीमित न रखते हुए अनुशासन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ परिवार और समुदाय की सहभागिता भी महत्वपूर्ण रही। अध्ययन के लिए सकारात्मक वातावरण, नियमित उपस्थिति और परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहन ने बच्चों की तैयारी को मजबूत किया। बच्चों को कई संगठनों से मिले इस सम्मान से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा तथा अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत, नियमित अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणा मिली। विद्यालय की उपलब्धि को समुदाय द्वारा मिला यह प्रोत्साहन शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को और मजबूत करता है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय सेवा सेतु कैंप आयोजित

खाद्य विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी ई-केवायसी एवं आधार सीडिंग सहित विभिन्न सेवाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत खाद्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने आज जिला स्तरीय सेवा सेतु कैंप का कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शिविर का जायजा लिया और हितग्राहियों चर्चा की। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में जिला खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, विभाग के कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

कलेटक्र विनय कुमार लंगेह ने शिविर में पहुंचकर खाद्य विभाग की योजनाओं और हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया तथा आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कैंप में पहुंचकर खाद्य विभाग से संबंधित अपनी समस्याओं का समाधान अवश्य कराएं तथा योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त करें। सेवा सेतु कैंप में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी गई।

शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पात्रता, राशनकार्ड से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं तथा हितग्राहियों के अधिकारों की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से उपलब्ध कराई गई। विभाग के अधिकारियों द्वारा नागरिकों को इन प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कराने के महत्व के बारे में भी बताया गया, ताकि पात्र हितग्राहियों को खाद्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं राज्य योजना के अंतर्गत नए राशनकार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता एवं प्रक्रिया के संबंध में नागरिकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली में हुई वार्षिक आमसभा

समिति में कुल 2228 किसान पंजीकृत, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 873 सदस्यों को किया गया 3.25 करोड़ का ऋण वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटपरपाली (कोमाखान)



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2026 के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली में मंगलवार 29 सितंबर 2026 को वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ। आम सभा का शुभारंभ ग्राम सभा की अध्यक्षता कर रहे प्रा कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक कोमाखान शाखा के पर्यवेक्षक हिमांशु जायसवाल द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समिति के प्रभारी प्रबंधक गुमान साहू ने 2025-2026 आय-व्यय वार्षिक प्रतिवेदन एवं 2026-27 का वार्षिक बजट बनाया गया। विशिष्ट अतिथि पर्यवेक्षक हिमांशु जायसवाल ने बताया कि समिति लगातार विगत वर्ष से लाभ की स्थिति में है। समिति का लाभ कृषक सदस्य समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं समिति के प्रबंधक, कर्मचारी के प्रयास से आज समिति लाभ पर है। उन्होंने सीएससी की उपयोगिता, केसीसी लोन, किसानों को धान खरीदी, खाद वितरण के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

आमसभा में किसानों को संबोधित करते हुए आमसभा की अध्यक्षता कर रहे समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कहा कि समिति शासन की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का माध्यम है। सहकारी समिति की आमसभाएं किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने, समिति के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा करने, वार्षिक बजट को मंजूरी देने और ऋण नीतियों पर निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच हैं। समिति किसानों के लाभ एवं समिति के विकास के लिए हरसंभव मदद करेगी। किसानों को कम लागत अधिक उत्पादन कर आर्थिक लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी एवं धान पंजीकरण के बारे में किसानों को जानकारी दी और समर्थन मूल्य व बोनस के बारे में तथा शासन की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और सुझाव दिए। इस कार्यक्रम से कृषकों में जागरूकता का संचार होगा। आमसभा में उपस्थित समिति क्षेत्र के कृषकों सहित सदस्यों ने सर्वसमति से वित्त पत्रक एवं आगामी बजट का अनुमोदन किया गया। आम सभा में समिति के प्रबंधक गुमान साहू द्वारा समिति का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 का पठन, अंकेक्षण, अग्रिम विकास कार्यों का अवलोकन आदि विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी की आपसी सहमति से तय किया गया कि प्रत्येक गांव से समिति निगरानी सदस्य हेतु एक व्यक्ति का चयन गांव द्वारा किया जाएगा। साथ ही हमालों की समस्या के लिए प्रत्येक गांव से न्यूनतम 5 हमाल दिए जाएंगे। ताकि, धान खरीदी समिति में सहभागिता एवं सुचारू रूप से संचालन किया जा सकें।

इस दौरान समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय सहित अतिथि के रूप में सभापति शिवलाल साहू, शिव उपाध्याय, भुवन साहू, राजेंद्र शर्मा, भुनेश्वर साहू, विश्वनाथ साहू, कनक साहू, मनोज चंद्राकर, भीमा साहू, छेदुराम साहू, छगन साहू, सुंदर साहू आदि को समिति के वरिष्ठ कृषकों ने गुलाल लगा कर स्वागत सम्मान किए। कार्यक्रम का संचालन देवरी समिति के प्रबंधक भेखलाल यादव एवं आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक गुमान साहू ने किया।

आमसभा में समिति कंप्यूटर ऑपरेटर टिकेश्वर साहू, विक्रेता दुष्यंत साहू, बालेश्वर टांडे, समिति कर्मचारी सुरेंद्र साहू, युगल पाड़े, मिनेश चक्रधारी, विनोद साहू सहित किसान खेमराज साहू, योगेश साहू, सुंदर साहू, चंद्रहास साहू, चूड़ामणि साहू, कौशल चक्रधारी, बंशी पाड़े, राधे साहू, उमेश दीवान, हीराचंद ठाकुर, जीवन दिवान, मयारू साहू, मनोज साहू, नंदकुमार साहू, किशोर साहू, एमलाल साहू, चमन साहू आदि उपस्थित रहे।



मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

महासमुंद। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मेडिकल कॉलेज) में संगोष्ठी (सेमीनार) एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान और मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व थीम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय कॉलेज के छात्रों और युवाओं ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, डॉ बसंत महेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक के समन्वय से यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मेरा युवा अभियान के समन्वयक सुषमा साहू, निखिल गोस्वामी, नीलू घृतलहरे डीपीएम, तेजा राठौर और राहुल ठाकुर आदि मौजूद रहे। शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राम गोपाल खुंटे ने युवाओं में बढ़ते अवसाद (डिप्रेशन), आत्महत्या जैसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के उपायों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक संकोच को मिटाने पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की ओर से मेघा ताम्रकार और टिकेश्वरी गिरी गोस्वामी ने संगोष्ठी में युवाओं को तंबाकू, सिगरेट और अन्य जानलेवा व्यसनों के दुष्प्रभावों की तकनीकी जानकारी दी। मेगा कैंप में आए मरीजों को तत्काल और निःशुल्क पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। इसमें कुल 54 मरीजों का पंजीयन कर उनका इलाज व परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. सुजाता शुक्ला, डॉ. विकास चौहान, सुरेखा साहू (फार्मासिस्ट), विशाखा साहू आदि का सहयोग रहा।

विश्व पर्यटन एवं राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर सिरपुर में चित्रकला प्रतियोगिता आज

महासमुंद। विश्व पर्यटन दिवस एवं राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर विद्यार्थियों में सिरपुर की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य एवं पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से रैनबसेरा, बोलबम सेवा समिति, सिरपुर में किया जाएगा। साडा के सीईओ धम्मशील गणवीर ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो श्रेणियों में अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। श्रेणी-1 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए चित्रकला का विषय "हमारी विरासत, मेरा सपना" निर्धारित किया गया है। वहीं श्रेणी-2 में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे, जिनके लिए विषय "मेरा सिरपुर, सुंदर सिरपुर'' रखा गया है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सिरपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझने तथा अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के माध्यम से उसके संरक्षण एवं विकास की परिकल्पना प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही, स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति विद्यार्थियों एवं समाज में जागरूकता विकसित करने का संदेश भी दिया जाएगा।

जोगीपाली में धूमधाम से मनाया गया पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

महिला एवं बाल विकास विभाग

- महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर वजन मापा, कई प्रतियोगिता भी आयोजित हुई



बसना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जोगीपाली क्रमांक 2 में पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भानुमति पटेल (मंत्री, महिला मोर्चा मंडल), विशिष्ट अतिथि दीपा साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक गरिमा कैवर्त एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सस्मिता भोई व नागेश्वरी पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर वजन मापा गया। पर्यवेक्षक गरिमा कैवर्त ने उपस्थित माताओं को संतुलित आहार, मौसमी फल, हरी सब्जियां, मोटे अनाज और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी, रंगोली व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाकर पोषण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सस्मिता भोई ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामीण महिलाओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर सहायिका बिलाषिनी पटेल, आशा कार्यकर्ता उमोती पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, किशोरी बालिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

पेज 09 का शेष

शिक्षकों की कमी, 11 दिनों तक ढोढरकसा...

अंग्रेजी और आर्ट्स जैसे विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पाने की बात ग्रामीणों ने कही। करीब 33 विद्यार्थियों वाले इस विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकीय व्यवस्था नहीं होने से अभिभावकों और ग्रामीणों में लंबे समय से नाराजगी बनी हुई थी। शिक्षकों की व्यवस्था की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले 11 दिनों से आंदोलन कर रहे थे। ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की थी। इसके बावजूद समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया।

मार्केटिंग कार्य में संलिप्त रहते हैं शिक्षक : शाला विकास समिति के अध्यक्ष परमानंद प्रधान का आरोप है कि संबंधित शिक्षक हर्बल लाईफ मार्केटिंग गतिविधियों में संलग्न रहने के कारण विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन कार्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते और विद्यार्थियों को नियमित एवं व्यवस्थित ढंग से नहीं पढ़ाते। प्रधान के आरोपों के बाद ग्रामीणों ने मामले की जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों को दी जा रही शैक्षणिक व्यवस्था की जांच की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए गणित विषय के व्याख्याता सहित दो शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के बाद विद्यालय में कुल चार शिक्षक उपलब्ध हो गए हैं। अधिकारियों की ओर से तत्काल शिक्षकीय व्यवस्था किए जाने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो गया।

कोमाखान के जंगल...

एक ही स्थान पर जली हुई पिकअप और अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है। मौत किन परिस्थितियों में हुई और वाहन में आग कैसे लगी, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। वाहन के नंबर के आधार पर उसके मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होने की संभावना है।

जिला अस्पताल का आप नेताओं ने किया निरीक्षण, सफाई की कमी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में हाल ही में जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर कई गंभीर खामियां सामने आई जिन्हें तत्काल सुधार करते हुए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जन स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बततने की चेतावनी दी है।

निरीक्षण के आप नेताओं ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों के 49 स्वीकृत पदों में से 41 पद रिक्त हैं। इतनी बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद खाली होने से मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में 222 उपस्वास्थ्य केंद्र है, जिसे केंद्र सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक ने 101 केंद्रों को अच्छा कहा।

निरीक्षण के दौरान सीआर मशीन की आवश्यकता लंबे समय से होने के बावजूद इसकी पूर्ति नहीं होने की बात सामने आई। वहीं एक्स-रे मशीन खराब मिली। आप नेताओं के अनुसार, पुरानी एक्स-रे मशीन से फिल्म निकालकर मरीज उसे स्वयं सुखा रहे थे, जिससे अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं पर सवाल उठते हैं। ओपीडी पर्ची काउंटर पर ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था के कारण लंबी कतार लगी हुई थी और मरीज एवं उनके परिजन परेशान नजर आए। प्रतिनिधिमंडल ने मरीजों की सुविधा के लिए पंजीकरण व्यवस्था को सरल और सुचारु बनाने की मांग की।

निरीक्षण के दौरान एक महिला अटेंडर के मरीजों के साथ व्यवहार को भी आप नेताओं ने अव्यवहारिक बताया और कहा कि अस्पताल में मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अस्पताल की भोजन रसोई का निरीक्षण करने पर वहां भारी गंदगी और साफ-सफाई की कमी होने का आरोप भी आप नेताओं ने लगाया। पार्टी ने कहा कि मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ रसोई की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि इसका सीधा संबंध मरीजों के स्वास्थ्य से है। आप नेताओं ने सीएमएचओ डॉ आरके कुशवाहा से भेंट कर सरकार और स्वास्थ्य विभाग से सुविधाओं की मांग करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में रिक्त विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों को तत्काल भरा जाए, आवश्यक सीआर मशीन उपलब्ध कराई जाए, एक्स-रे मशीन को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ओपीडी पंजीकरण व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए तथा अस्पताल की साफ-सफाई और मरीजों के साथ व्यवहार की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, महिला विंग जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर, सीता दीवान, क़ादिर चौहान, संजय यादव, पूनाराम निषाद, विकास कुमार मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

जिलेभर में वृहद रक्तदान शिविर कल

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2026 को महासमुंद जिले में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के पांचों विकासखंड तुमगांव, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा मेडिकल कॉलेज महासमुंद में एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सभी विकासखंडों में रक्तदान शिविर की तैयारियां की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इस पुनीत अभियान से जोड़ने के लिए व्यापक अपील की जा रही है। कलेक्टर लंगेह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 2 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें। आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद ला सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रामकेश्वर सिंह कुशवाहा ने बताया कि इच्छुक रक्तदाता रक्तदान शिविर से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विकासखंडवार संपर्क नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

आवेदन प्रक्रिया की दी गई जानकारी

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवाओं में नवाचार एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत 29 को जिले में दो कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बरोंडाबाजार एवं लाईवलीहुड कॉलेज, बरोंडोबाजार में आयोजित हुईं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को चैलेंज के उद्देश्य, इसमें सहभागिता की प्रक्रिया तथा आवेदन के संबंध में जानकारी दी।

गड़बड़ी : 1350 में कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन आबंटन को लेकर विवाद, लोगों में नाराजगी

गढ़फुलझर सहकारी समिति में नियुक्ति को लेकर उठे सवाल, शिकायत के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गढ़फुलझर, पंजीयन क्रमांक 1350 में कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन आबंटन को लेकर विवाद की स्थिति सामने आई है। नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगाए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों और आवेदकों में नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी करते हुए कथित तौर पर मनमाने तरीके से नियुक्तियां की गई हैं। उनका कहना है कि समिति के विभाजन के बाद पहले से कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में प्रक्रिया तय की जानी थी, लेकिन उनकी स्थिति स्पष्ट किए बिना नई नियुक्तियां कर दी गईं। आवेदकों के अनुसार कर्मचारियों में टंकेश्वर साव कंप्यूटर ऑपरेटर, उमेश साव विक्रेता, पुरुषोत्तम साव रात्रिकालीन चौकीदार तथा नेमीचंद चपरासी के रूप में कार्यरत थे। आरोप है कि बरोली क्षेत्र के चार लोगों को नियुक्त कर दिया गया। वहीं केंवटापाली और आमाभौना क्षेत्र के आवेदकों को नियुक्ति का अवसर नहीं मिलने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियुक्तियों में एक ही क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता दी गई। यह पूरी तरह से गलत है।



सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी असमंजस

इस मामले में समिति के सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ आवेदकों का कहना है कि सीईओ के साथ इस विषय पर बैठक हो चुकी थी, जबकि दूसरी ओर सीईओ को मामले की पूरी जानकारी नहीं होने की बात सामने आई है। इससे नियुक्ति प्रक्रिया में निर्णय किस स्तर पर और किस आधार पर लिया गया यह एक बहुत बड़ा सवाल है।

ब्रांच मैनेजर ने कहा: शिकायत स्पष्ट नहीं, दस्तावेज मिलने पर होगी जांच

इस मामले में ब्रांच मैनेजर चौरसिया का कहना है कि अभी तक उन्हें स्पष्ट शिकायत या संबंधित दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा कर्मचारियों का चयन किया जाता है और बैंक मैनेजर की नियुक्ति प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं होती।

कार्रवाई की मांग

आवेदकों और स्थानीय लोगों ने समिति में हुई नियुक्तियों तथा वेतन आबंटन की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पुराने कर्मचारियों की स्थिति, नए नियुक्त कर्मचारियों की पात्रता और चयन प्रक्रिया की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए। साथ ही यदि नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाना चाहिये। फिलहाल मामला जांच और संबंधित दस्तावेज सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

जायज मांगों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर पूरे भारत देश एवं छत्तीसगढ़ के समस्त पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपनी जायज मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने एवं त्वरित निराकरण करने के लिए अनुविभागीय कार्यालय बागबाहरा में नंदनी वर्मा तहसील दार, एसडीएम प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया।

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश रायपुर के प्रांतीय प्रतिनिधि बीआर चंद्राकर, रूपेश तिवारी, विजय देशपांडे, राजेंद्र होता, संजय शर्मा, भीमसेन चंद्राकर, भूषण साहू, उल्लास दास ने 12 सूत्रीय मांगों पर विचार करते हुए बताया कि पेंशन नियमावली बेली केशन एक्ट 2025 संसद में पारित की जाए और 8वां पेंशन पुनरीक्षण विचारणीय बिंदु आयोग में सुनिश्चित की जाए, 8वां वेतन आयोग विचारणीय बिंदु को संशोधन कर 01/01/2025, के पूर्व पेंशन सुनिश्चित की जाए, 8वां वेतन मान की अनुशंसा की जाए और पारित होते तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत दी जाए, महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का 50 प्रतिशत मूल पेंशन में जोडा जाए, रूपांतरण राशि की राशि की वसूली 10 वर्ष 8 माह सुनिश्चित किया जाए, पेंशन में समरूपता सुनिश्चित कर पारिवारिक पेंशन में वृद्धि की जाए, एनपीएस, यूपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन लागू की जाए, वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा हवाई यात्रा में 50 प्रतिशत छूट दी जाए, कोरोना कल में रुक गए 18 माह की महंगाई भत्ता दी जाए पेंशनरों को सरकारी स्वास्थ्य सेवा की लाभ सुनिश्चित की जाए, 65 वर्ष से 75 वर्ष की आयु तक प्रत्येक 5 वर्ष में 10 प्रतिशत उसके बाद 10 प्रतिशत और प्रत्येक 5 वर्ष में 20 प्रतिशत और 80 वर्ष के बाद शत प्रतिशत पेंशन विधि किया जाए, वरिष्ठ नागरिकों को कल्याण हेतु एक राष्ट्रीय आयोग का गठन की जाए।

इस दौरान गजानन चंद्राकर, जीडी मानिकपुरी, राजेंद्र होता, गणपत राव साहू, आरके सिंह, दानी चंद्राकर, पूनम ओझा, सुंदरलाल साहू, वासुदेव भाले, उल्लास दास, तुकाराम साहू, जनकराम साहू, संजय शर्मा, मानसिंह बरिहा, कोमल साहू, तुलसी सिंह, तुलाराम साहू, मनोहर लाल, अशोक चंद्राकर, हरक राम, शोभाराम पटेल आदि शामिल रहे।

तुषार ने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने कलेक्टर को सौंपा पत्र

महासमुंद। शहर में लंबे समय से रुके सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने और निर्माण में तेजी लाने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कलेक्टर को पत्र सौंपा है। तुषार ने पत्र के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय से बरोंडा चौक तक तथा महासमुंद ओवरब्रिज, एकता चौक से कौंदकेरा तक सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य रुकने के कारण आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश जारी कर रुके हुए निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराया जाए और कार्य में तेजी लाते हुए समय-सीमा के भीतर सड़क निर्माण पूरा कराया जाए। तुषार ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखने की मांग की।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

सरायपाली। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र सिरशोभा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पलता चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, कार्यक्रम की अध्यक्ष ताराबाई चौहान सरपंच ग्राम पंचायत दमोदरहा तथा विशिष्ट अतिथि भरत लाल पटेल वरिष्ठ भाजपा सदस्य एवं नवीन कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत लांती का तिलक-चंदन एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा लक्ष्मी चौहान सुपुत्र वेदांत चौहान एवं शुबलया यादव सुपुत्री काव्या यादव का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं आंगनबाड़ी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उत्तरा नायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सिरशोभा, रुकणी दास, आंगनबाड़ी सहायिका सिरशोभा, कल्पना मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लांती एवं राधिका चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दमोदरहा को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों सरोजिनी यादव, माधुरी भोई, रजनी भोई, कामिनी भोई, दिव्यसेनी भोई, तुलसी भोई, दीपिका चौहान एवं नीला निषाद द्वारा घर से तैयार कर लाए गए विभिन्न पोषण व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व को रेखांकित किया गया। पुष्पलता चौहान द्वारा अन्नप्राशन की संस्कार किया गया। मुख्य अतिथि पुष्पलता चौहान ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने 2047 के विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में बच्चों, माताओं एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं माताओं द्वारा विद्यालय परिसर तथा आंगनबाड़ी पोषण वाटिका में औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही "घर-घर मुनगा, हर-घर मुनगा" की भावना के अनुरूप मुनगा पौधों का रोपण कर पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उषा भोई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छिंदपाली, अनीता मानिकपुरी, माताएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर पेंशनर्स एसोसिएशन जिला महासमुंद द्वारा देश के प्रधानमंत्री एवं छग के मुख्यमंत्री के नाम से 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा गया। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य शाम 4 बजे कलेक्टर परिसर में एकत्रित हुए। पश्चात कार्यकारी जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा, तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

पेंशन नियामावली (वेलिडेशन एक्ट 2025) जो संसद से पारित है, को वापस लिया जाए और हुए पेंशन पुनरीक्षण को 8वां वेतन पुनरीक्षण आयोग के विचारणीय बिंदु में शामिल करना डीएस नकारा बनाम केंद्र सरकार में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करते सुनिश्चित किया जाए। 8वां वेतन पुनरीक्षण आयोग के विचारणीय बिंदु को संशोधित कर दिनांक 01/01/2026 से पूर्व के पेंशनर्स के पेंशन पुनरीक्षण को सुनिश्चित किया जाए। 8वां वेतन आयोग की अनुशंसा आने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत स्वीकृत किया जाए। महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का 50 प्रतिशत मूल वेतन पेंशन में जोड़ा जाए।



रूपांतरित राशि की वसूली 10 वर्ष 8 महीने में सुनिश्चित किया जाए। पेंशन की समरूपता सुनिश्चित कर पारिवारिक पेंशन में वृद्धि की जाए और विभेदकारी व्यवस्था को समाप्त किया जाए। एनपीएस, यूपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किया जाए और केंद्र, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त शासन के कर्मियों को सभी लाभ उपादान सहित भुगतान सुनिश्चित करते हुए विधेयक को समाप्त किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को रेल/हवाई टिकट में दी जा रही 50 प्रतिशत की छूट की पुनर्बहाली की जाए। कोरोना काल में रोके गये 18 माह का महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का भुगतान किया जाए। आमजन/सरकारी स्वास्थ्य सेवा को सुनिश्चित किया जाए और पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों को वित्त रहित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध किया जाए और सुनिश्चित चिकित्सा भत्ता में वृद्धि की जाए। 65 वर्ष से 75 वर्ष की आयु तक प्रत्येक 05 वर्ष पर 10 प्रतिशत और उसके बाद प्रत्येक 05 वर्ष पर 20 प्रतिशत और 80 वर्ष की आयु के बाद शत प्रतिशत पेंशन में वृद्धि की जाए। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु एक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाये जो पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करेगा।

इस अवसर पर संगठन उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, सचिव शिवकुमार साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्रीद्वय चमनलाल साहू, संतोष भोसले, कार्यकारिणी सदस्य डीएन बिसेन, विष्णु साहू, वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा, संतोष साहू, चिंताराम साहू, शब्बीर अली, हेमलाल साहू, लंकेश कुरील, मुरली पटेल, घनश्याम भारद्वाज, तुलेंद्र गजेंद्र, धर्मदास मार्कंडे, राजेंद्र परिहार, औधराम, कृपाराम साहू, मंशाराम ध्रुव सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।



बेलसोंडा स्कूल में हुआ सम्मान एवं विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य देवनारायण जांगड़े ने अपने लगभग 33 वर्षों के समर्पित शासकीय सेवाकाल में शिक्षक, व्याख्याता, प्रधानपाठक, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एवं प्राचार्य के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की। जांगड़े ने 31 अगस्त 2026 को लगभग 33 वर्षों की समर्पित शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ग्रहण की।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने जांगड़े की सरलता, सहज व्यवहार एवं अनुभव की सराहना करते हुए उनके सेवाकाल को महत्वपूर्ण बताया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष डॉ. वाणी तिवारी ने जांगड़े के सरल एवं स्पष्ट व्यक्तित्व, प्रशासनिक क्षमता तथा सामंजस्यवादी कार्यशैली की प्रशंसा की। ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच प्रीति धीवर ने जांगड़े के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

समिति के सदस्य लक्ष्मीकांत तिवारी, भामिनी चंद्राकर, भोलाराम चंद्राकर, सोहन लाल यादव, प्रकाश साहू सहित समिति के समस्त सदस्यों ने जांगड़े का सम्मान करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी तथा उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। समारोह में मित्र मंडल एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इनमें अधिवक्ता नरेंद्र दुबे, अधिवक्ता लक्ष्मीकांत तिवारी, शैलेंद्र शर्मा एवं डॉ. अरुण कुमार शुक्ला (कोमाखान) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जांगड़े के परिवार से डॉ. अभिषेक महिलांग, बहन शकुंतला महिलांग, छोटे भाई झाला राम जांगड़े एवं चमन जांगड़े तथा उनकी सुपुत्रियां ट्विंकल एवं पलक जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहीं। परिवारजनों एवं मित्रों की उपस्थिति ने समारोह को आत्मीय और भावुक बना दिया। शाला परिवार की ओर से प्रभारी प्राचार्य हेमलता ठाकुर सहित राजकुमारी पटेल, सुधा ब्रह्मभट्ट, मिली गुप्ता, रामकुमार भट्ट, हेमराम साहू, अर्चना पात्र, सुनीता बंजारे, आशा यादव, लोकेश यदु, धनेंद्र साहू, सीता शर्मा, नेहा चंद्राकर, लीना चंद्राकर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



जन्मदिन पर विधायक से भेंट-मुलाकात

महासमुंद। विधायक कार्यालय में जन्मदिवस पर विधायक योगेश्वर सिन्हा से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संघ जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामगोपाल खुंटे, डॉ.मधुराज देवांगन, डॉ. देवेंद्र साहू, लक्ष्मेंद्र सिन्हा उपाध्यक्ष, ओम पटेल एवं कोमल कुमार साहू सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

खेमलता यादव का निधन

सरायपाली। नगर के महल



महलपारा निवासी खेमलता यादव का आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार शंकरमुड़ा मुक्तिधाम में किया गया। वे कृष्णकुमार यादव की धर्मपत्नी एवं मयंक यादव (मोंटी) की मां तथा स्व.मनोरथ लाल यादव की ज्येष्ठ पुत्री थीं व नरेंद्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव (राजू) की बड़ी बहन थी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं नागरिक शामिल हुए।

आयोजन : न्यायाधीशों ने पॉक्सो एक्ट, यातायात नियमों की दी जानकारी

प्रतिभा कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्त्वावधान में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में कानूनी अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा डिजिटल दुनिया के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रफुल्ल कुमार सोनवानी (न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय महासमुंद लिंक कोर्ट) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि वंदना दीपक देवांगन (प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) तथा प्रगति गुर्दे (न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य आरके चौधरी ने की।



यातायात नियम, कानून का पालन एवं साइबर अपराध से बचाव

मुख्य अतिथि प्रफुल्ल कुमार सोनवानी ने अपने अध्यक्षीय व सारगर्भित संबोधन में विद्यार्थियों तथा कॉलेज स्टाफ को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा से जुड़ा अति-संवेदनशील विषय है, इसलिए शासन द्वारा बनाए गए यातायात व अन्य कानूनों का उल्लंघन कदापि न करें। साथ ही वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल, पासवर्ड व ओटीपी शेयर न करने तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कानूनी साक्षरता को सशक्त समाज के निर्माण का आधार बताया।

कानूनी प्रक्रियाओं व सुलभ न्याय पर मार्गदर्शन

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति गुर्दे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान्य कानूनों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ सुलभ न्याय व्यवस्था के प्राथमिक सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कानून की आधारभूत जानकारी होना प्रत्येक सजग नागरिक का कर्तव्य है।

पॉक्सो एक्ट एवं बाल सुरक्षा पर कड़ा संदेश

विशिष्ट अतिथि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉस्को एक्ट) के विभिन्न कानूनी प्रावधानों और बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके प्रति होने वाले अपराधों को रोकना समाज का नैतिक व कानूनी दायित्व है। बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं को भावी शिक्षक बताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वे विद्यालयों में जाने के बाद बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करें और बाल सुरक्षा कानूनों के प्रति समाज को जागरूक करें।

प्राचार्य का आभार प्रदर्शन एवं प्रेरणादायी विचार

कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी के प्राचार्य आरके चौधरी ने मंच पर उपस्थित सभी विद्वान न्यायाधीशों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विधिक साक्षरता शिविरों से विद्यार्थियों का मानसिक दृष्टिकोण व्यापक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि शिविर में मिली सीख और जानकारियों को केवल अपने तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी में हुआ पोषण तिहार का आयोजन



नर्रा। ग्राम पंचायत नर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण माह तिहार का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच नामेश्वरी दीवान रही। साथ में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण यदु, विहान महिला समिति अध्यक्ष चंपेश्वरी निषाद उपस्थित रही। इस दौरान गर्भवती, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं तथा स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

कार्यक्रम में सुपरवाइजर रूपवती पारेश्वर द्वारा परिसर में आकर्षक रंगोली सजाई गई। जिसके चारों ओर पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों, हरी पत्तेदार सब्जियों, फल, अंकुरित अनाज, नारियल और स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। रंगोली के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और स्वास्थ्य संबंधी संदेश भी दिए गए। इस दौरान सरपंच नामेश्वरी दीवान ने शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए सही उम्र में सही पोषण अत्यंत आवश्यक है। पोषण प्रदर्शनी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भाजी, मौसमी फल, दानेदार अनाज और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन कर उनके लाभ बताए गए। माताओं को परामर्शः नवजात शिशुओं के लिए पहले 6 महीने तक केवल स्तनपान और तत्पश्चात सही ऊपरी आहार देने की सलाह दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी 1 कार्यकर्ता सरस्वती पटेल, आंगनबाड़ी 2 कार्यकर्ता, अनूपा बेलदार एवं आंगनबाड़ी 3 कार्यकर्ता सलमा बानो समेत महिलाएं व सहायिका एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर रूपवती पारेश्वर ने किया।

परशुराम युवा वाहिनी का नुआखाई का आयोजन, नन्हे कलाकारों के भजनों से गूंजा प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पश्चिम ओडिशा और छत्तीसगढ़ अंचल की साझा लोक-संस्कृति, समरसता तथा कृषि परंपरा का पावन लोकपर्व 'नुआखाई' नगर में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं साहित्यिक गरिमा के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्राह्मण नवयुवक संघ बसना के बैनर तले एवं विप्र मातृ संगठन बसना के विशेष सहयोग से परशुराम युवा वाहिनी बसना द्वारा पारंपरिक नुआखाई भेंट-घाट एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हरि लक्ष्मी विप्र भवन बसना में किया गया।

धरती माता के प्रति कृतज्ञता और नव-अन्न वंदन का यह उत्सव लोक-चेतना तथा सामाजिक एकात्मता का प्रतीक बना। वरिष्ठजनों के चरण-स्पर्श कर 'नुआखाई जुहार' के साथ आशीर्वाद लेने का पारंपरिक क्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का सार्थक संदेश दिया। भजन विधा पर आधारित नृत्यों से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया। शरण्या शर्मा के मंत्रोच्चार से भजन नृत्य का शुभारंभ हुआ। अक्षत त्रिपाठी, वात्सल्य दास (अंश), अंशिका त्रिपाठी और ईशा दास ने सहभागिता की। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के बच्चों द्वारा भक्ति रस से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। शास्त्रीय एवं उप-शास्त्रीय मर्यादा में आबद्ध भजनों के गायन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बाल कलाकारों ने भगवान गणेश की वंदना, भगवान परशुराम स्तुति और मर्यादा पुरुषोत्तम राम व शिव भजनों की ऐसी अविरल गंगा बहाई कि संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। बच्चों के सुर, लय, ताल और भावपूर्ण नृत्य की प्रशंसा करते हुए अतिथियों ने कहा कि भक्ति केवल पूजा-अर्चना नहीं, अपितु आत्मा का परिष्कार और संस्कृति का संवाहक है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और श्रम के प्रति नमन का लोक-दर्शन है। जब नई फसल घर आती है, तब समाज अपने मतभेदों को भुलाकर प्रेम, सौहार्द और स्नेह के सूत्र में बंधता है। ब्राह्मण समाज के नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन विधा हमारी सनातन परंपरा के संरक्षण और संवर्धन का जीवंत प्रमाण है। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाले सभी बाल कलाकारों को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, युवाजन, मातृशक्ति तथा समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का किया सम्मान

महासमुंद। सेवा संकल्प के अंतर्गत महामाया पारा आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। उन्हें साड़ी एवं फल भेंट कर उनके सेवाभाव और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद ईश्वरी भोई, युवा मोर्चा के जतिन रूपरेखा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रितु सिंह, ललिता आदि मौजूद रहे।

खेल और संस्कृति के आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को मिल रहा मंच : भीखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करने वाले सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने सहभागिता की। ग्राम नरतोरी (मुनगाशेर) में युवा संघर्ष गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं ग्राम नवागांवकला पिथौरा में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में भी सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

ग्राम नरतोरी में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम की पावन माटी को प्रणाम एवं माँ जगदम्बा के चरणों में नमन कर किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ठाकुर ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ समाज में उत्साह, एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। वहीं ग्राम नवागांवकला पिथौरा में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। भदरसी व कोहाकुड़ा के बीच हुए मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, जोश और संघर्ष का परिचय दिया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उपविजेता टीम को और अधिक मेहनत एवं अभ्यास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर प्रतियोगिता की अध्यक्षता सेतकुमारी देवनारायण चक्रधारी सरपंच नवागांवकला, विशिष्ट अतिथि ब्रह्मानंद पटेल जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा, दिनेश अग्रवाल जनपद सभापति पिथौरा, ऐतराम साहू सरपंच डोंगझर, लोकेश पटेल, ग्रामीण भाजपा मंडल महामंत्री पिथौरा सहित गेंद राम ठाकुर, देवचंद साहू, मानसवरण एवं ओम प्रकाश ध्रुव उपस्थित रहे।

ठाकुर ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में गांव-गांव में खेल प्रतिभाओं एवं युवा शक्ति को प्रोत्साहन देना स्वस्थ, अनुशासित और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खेल मैदान से ही प्रतिभाएं निकलती हैं और यही प्रतिभाएं भविष्य में देश एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करती हैं। इस अवसर पर नरतोरी के आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, नवागांवकला के आयोजकगण, ग्रामीणजन, युवाजन, खिलाड़ी, मातृशक्ति एवं बुजुर्ग सियान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में शामिल हुई पुष्पलता

सरायपाली। भाजपा मंडल छुईपाली के ग्राम पंचायत छिबर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र



में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महिला मोर्चा छग प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया तथा उनके द्वारा महिला एवं बाल विकास, बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे निःस्वार्थ कार्यों की सराहना की। इस दौरान बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद भी किया गया। इस अवसर पर पुष्पलता चौहान ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं हैं, बल्कि यहां से बच्चों के स्वस्थ, संस्कारवान और बेहतर भविष्य की नींव रखी जाती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मातृशक्ति के रूप में घर-घर तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाया जा रहा सेवा संकल्प अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का संकल्प है। इसी भावना के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान करना उनके सेवाभाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। पुष्पलता ने कहा कि सुपोषित बच्चे ही स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव हैं। इसलिए बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से इसी समर्पण और सेवाभाव के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

